**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 13.04.2021**

## THE TRIBUNE



# JC BOSE VARSITY AWARDED

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has been honoured with 'institutional award' for social service during the lockdown period of the Covid pandemic. The award has been given by the Haryana Red Cross Society and Faridabad District Administration. Haryana Transport Minister Mool Chand Sharma distributed the awards at a two-day award ceremony organised by the Red Cross Society and the Faridabad District Administration on the university campus. University's Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar received the award. The varsity officials who felicitated include dean student welfare Prof Lakhwinder Singh, dean informatics and computing Prof Komal Kumar Bhatia, deputy dean Dr Anuradha Pillai, medical officer Dr Ankur Sharma and coordinator, Red Cross Society, Sushil Panwar. Recognising the contribution made by corona warriors, Mool Chand Sharma applauded the support provided by the university during the lockdown period which includes conducting awareness campaigns, distribution of dry ration packets to the needy, setting up of a quarantine centre in the university and organising blood donation camps.

**The Tribune** Tue, 13 April 2021 https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 13.04.2021**

## HINDUSTAN

# वाईएमसीए में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा मिलेगा

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

विश्वविद्यालय में ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करने और अनुसंधान एवं नवाचार के लिए ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने सोमवार को एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रमों की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इस समझौते पर विवि की ओर से डीन, फैकल्टी आफ इंफोर्मेटिक्स एवं कम्प्यूटिंग व विवि की केंद्रीय खरीद समिति (सीपीसी) के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया और ईईएसएल की ओर से निदेशक (परियोजना और व्यवसाय विकास) वेंकटेश द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर उप कुलसचिव मनीष गुप्ता, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली तथा ईईएसएल से महाप्रबंधक (तकनीकी) प्रभात कुमार उपस्थित रहे।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विश्वविद्यालय ने ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए ईईएसएल से सोमवार को एक समझौता किया। ● हिन्दुस्तान

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.04.2021**

**THE PIONEER**

# ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए ईईएसएल से किया समझौता



**फरीदाबाद।** विश्वविद्यालय में ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करने और अनुसंधान एवं नवाचार के लिए ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं को बढ़ावा देने उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रमों की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इस समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से डीन, फैकल्टी आफ इंर्फोमेटिक्स एवं कम्प्यूटिंग तथा विश्वविद्यालय की केंद्रीय खरीद समिति (सीपीसी) के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया और ईईएसएल की ओर से निदेशक (परियोजना और व्यवसाय विकास) श्री वेंकटेश द्विवेदी ने किये। इस अवसर पर उप कुलसचिव मनीष गुप्ता, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली तथा ईईएसएल से महाप्रबंधक (तकनीकी) प्रभात कुमार भी उपस्थित थे। प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि समझौते के तहत ईईएसएल की तकनीकी सहायता से विश्वविद्यालय में ऊर्जा दक्ष तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जायेगा। यह विश्वविद्यालय को परिसर के भीतर ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऊर्जा दक्ष तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाकर विश्वविद्यालय की परिसर को 'ग्रीन कैंपस' के रूप में विकसित करने की योजना है।

**NEWS CLIPPING: 13.04.2021**

**PUNJAB KESARI**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने ईईएसएल से किया ऊर्जा दक्षता बढ़ाने का करार

फरीदाबाद, 12 अप्रैल (पूजा शर्मा): विश्वविद्यालय में ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करने और अनुसंधान एवं नवाचार के लिए ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं को बढ़ावा देने उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।

इस समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से डीन, फैकल्टी आफ इंर्फोमेटिक्स एवं कम्प्यूटिंग तथा विश्वविद्यालय की केंद्रीय खरीद समिति (सीपीसी) के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया और ईईएसएल की ओर से निदेशक वेंकटेश द्विवेदी ने किये। इस अवसर पर उप कुलसचिव मनीष गुप्ता, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली तथा ईईएसएल से महाप्रबंधक (तकनीकी) प्रभात कुमार भी उपस्थित थे। प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि समझौते के तहत ईईएसएल की तकनीकी सहायता से विश्वविद्यालय में ऊर्जा दक्ष तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जायेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाकर विश्वविद्यालय की परिसर को 'ग्रीन कैंपस' के रूप में विकसित करने की योजना है।



*डीन प्रो. कोमल कुमार भाटिया तथा ईईएसएल निदेशक वेंकटेश द्विवेदी समझौता हस्तांतरित करते हुए।*